संख्या- 34/2020/617/24-1-20-81 पी/2015

प्रेषक:

महावीर प्रसाद गौतम,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कार्यवाहक निदेशक,
विद्युत सुरक्षा निदेशालय,
विभूति खण्ड, गोमतीनगर लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 27 मार्च, 2020**

विषय:-विद्युत सुरक्षा निदेशालय को वित्तीय वर्ष 2019-20 में पुनर्विनियोग के माध्यम से वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संयुक्त निदेशक, विद्युत सुरक्षा निदेशालय के पत्र संख्या-428मु/एक-5(बजट)/2019-20, दिनांक 03 मार्च, 2020 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्षक 2045-वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क-103- संग्रहण प्रभार- विद्युत शुल्क -03- विद्युत सुरक्षा निदेशालय के विभिन्न मानक मदों में से हो रही बचतों में से शासनादेश संख्या-15/2020/147/24-1-20-81पी/2015, दिनांक 18 फरवरी, 2020 द्वारा विद्युत सुरक्षा निदेशालय को विभिन्न मानक मदों में धनराशि रूपये 65,00,000/- (रूपये पैंसठ लाख मात्र) को बी0एम0-9 के अनुसार पुनर्विनियोग के माध्यम से स्वीकृत प्रदान की गयी थी।

2- उपरोक्त स्वीकृत शासनादेश संख्या-15/2020/147/24-1-20-81पी/2015, दिनांक 18 फरवरी, 2020 को संशोधित करते हुए वित्तीय वर्ष 2019-20 में अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्षक 2045-वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क-103- संग्रहण प्रभार- विद्युत शुल्क -03- विद्युत सुरक्षा निदेशालय के मद- 08- कार्यालय व्यय में प्राविधानित धनराशि रूपये 25,00,000/- (रूपये पच्चीस लाख मात्र) में से धनराशि रूपये 5,00,000/- (रूपये पॉच लाख मात्र) एवं मद-15- गाडियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल आदि की खरीद में प्राविधानित धनराशि रूपये 35,00,000/- (रूपये पैंतीस लाख मात्र) में से धनराशि रूपये 18,00,000/- (रूपये अठ्ठारह लाख मात्र), अर्थात कुल धनराशि रूपये 23,00,000/- (रूपये तेईस लाख मात्र) को 03- मंहगाई भत्ता में, मद- 18- प्रकाशन में प्राविधानित धनराशि रूपये 1,00,000/- (रूपये एक लाख मात्र) को, मानक मद-01- वेतन में, मद-12- कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण में प्राविधानित धनराशि रूपये 15,00,000/- (रूपये पन्द्रह लाख मात्र) में से धनराशि रू0 3,00,000/- (रूपये तीन लाख मात्र) एवं मद-13- टेलीफोन पर व्यय प्राविधानित धनराशि रूपये 15,00,000/- (रूपये पन्द्रह लाख मात्र) में से धनराशि रूपये 6,00,000/- (रूपये छः लाख मात्र) अर्थात कुल धनराशि रूपये 9,00,000/- (रूपये नौ लाख मात्र) को मानक मद-55- मकान किराया भत्ता में, मद-44- प्रशिक्षण हेतु यात्रा एवं अन्य प्रासंगिक व्यय में प्राविधानित

http://shasanadesh.up.nic.in

धनराशि रूपये 1,00,000/- (रूपये एक लाख मात्र) को मानक मद-56 नगर प्रतिकर भत्ता में, अर्थात कुल हो रही मानक मदों में बचत में से धनराशि रूपये 34,00,000/- (रूपये चौंतीस लाख मात्र) को संलग्नक बी0एम0-9 के अनुसार पुनर्विनियोग के माध्यम से विद्युत सुरक्षा निदेशालय को अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्षक- "2045-वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क-103- संग्रहण प्रभार- विद्युत शुल्क -03- विद्युत सुरक्षा निदेशालय" के अन्तर्गत मानक मद -01- वेतन, मानक मद-03- महंगाई भत्ता, मानक मद-55- मकान किराया भत्ता, मानक मद-56- नगर प्रतिकर भत्ता के लिए स्वीकृत कर व्यय किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष अनुमति निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते है:-

(1) जिस मद से पुनर्विनियोग किया जा रहा है, उस मद में पुन: अतिरिक्त धनराशि की मांग नहीं की जायेगी तथा स्वीकृत कार्य पर ही धनराशि व्यय करेंगे।

(2) पुनर्विनियोग की जाने वाली धनराशि का सदुपयोग उसी वित्तीय वर्ष में कर लिया जायेगा।

(3) पुनर्विनियोग के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही धनराशि का उपभोग वित्तीय नियमों के अन्तर्गत किया जायेगा।

(4) पुनर्विनियोग के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही धनराशि का उपयोग वित्तीय वर्ष में न करने और उसके फलस्वरूप होने वाले आडिट आपत्ति हेतु विद्युत सुरक्षा निदेशालय के संबंधित अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

(5) किसी भी प्रकार का वित्तीय अनियमित्ता का उत्तरदायित्व विद्युत सुरक्षा निदेशालय के वित्तीय प्रकरण के संबंधित अधिकारी का होगा।

2- उपरोक्त धनराशि का व्यय शासन द्वारा पूर्व निर्धारित नियमों/आय-व्ययक अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22 मार्च, 2019 में उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा तथा क्षेत्रीय/जोनल कार्यालयों के लिए धनराशि का तत्काल आवंटन कर शासन को अवगत कराया जायेगा।

3- आय-व्ययक को आकस्मिक मदों में व्यय एवं वस्तुओं को क्रय करते समय उ0प्र0 स्टोर परचेज रूल्स तथा शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत मितव्ययता संबंधी आदेशों का पालन विशेष ध्यान रख कर किया जायेगा।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्ष "2045-वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क-103-संग्रहण प्रभार-विद्युत शुल्क-03- विद्युत सुरक्षा निदेशालय" के नामे डाला जायेग।

<u>संलग्नक:- यथोक्त।</u>

भवदीय,

महावीर प्रसाद गौतम
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-34/2020 /617(1)/24-1-20, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज 211001।
2- महालेखाकार, (लेखा-परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज।
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर- एच, अलीगंज लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- निदेशक, वित्तीय सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/
7- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

महावीर प्रसाद गौतम
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in